तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार, 9 मई 2024




13 आदर्श चुनाव आचार संहिता को सख्ती से करें लागू ...


14 कैंप लगाने से कैसे होगा समाधान, कॉलोनी नहीं ...



किराया हर महीने गारंटीड और कीमत बढ़ौतरी
44 फुट चौड़ी सड़के, पार्किंग व सीवर, पानी
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
दुकान, कोठी व प्लॉट के लिए संपर्क करें
शुरू 11 लाख में दुकान
NOC ZONE
पक्की रजिस्ट्री
M. 9832100038
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF
ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN


### सुबह 10 बजे से शाम तक चलाया वाहनों की चेकिंग अभियान

# लोस चुनाव को लेकर जिले की सुरक्षा बढ़ाई, हर गतिविधियों पर पैनी नजर

■ एसपी ने किया नाकों का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। न केवल वाहनों की चेकिंग चल रही है बल्कि होटल, धर्मशालाओं और सार्वजनिक स्थलों पर भी जांच पड़ताल की जा रही है। बुधवार सुबह पुलिस ने अन्य जिलों को जोड़ने वाली सड़कों पर नाका लगाकर वाहन चेकिंग की। सुबह करीब 10 बजे से शुरू किया गया अभियान देर शाम तक चलाया गया। इस बीच पुलिस ने हजारों चार पहिया और दो पहिया वाहनों को चेक किया। वाहनों में रखे सामान को भी पुलिस ने चेक किया। जिससे यह पता लग सके कि उसमें कोई आपत्तिजनक वस्तु के साथ कैश तो नहीं है। चेकिंग के दौरान भले ही पुलिस को ऐसी कोई वस्तु न मिली हो, लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। एसपी हिमांशु गर्ग ने भी कई नाकों का निरीक्षण कर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा हर थाना प्रभारी अपने एरिया में गश्त बढ़ाए और चुनाव के दौरान चेकिंग अभियान चलाएं।


रोहतक। दिल्ली बाई पास पर वाहनों की चेकिंग करते अर्ध सैनिक बल व पुलिस कर्मी।

#### नशा तस्करों पर रख रहे हैं नजर

नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की जा रही है। अवैध शराब व अवैध नशे की तस्करी करने वालों पर निगरानी रखी जा रही है तथा सख्त कार्यवाही की जा रही है। बाहरी लोगों पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों की लगातार निगरानी की जा रही है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए रोहतक पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है तथा जरूरी कदम उठाए जा रहे है।

#### बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई

*निष्पक्ष व शांतिपूर्वक तरीके से लोकसभा चुनाव करवाने के लिए पुलिस ने कमर कसी हुई है। पुलिस द्वारा व अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर लगातार नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। नशा तस्करों के खिलाफ भी जोरशोर से अभियान शुरू किए गए हैं। -हिमांशु गर्ग, पुलिस अधीक्षक*

#### 12 जगह नाकाबंदी की

कानून व्यवस्था की स्थिति का कायम रखने, आमजन की सुरक्षा तथा शांतिपूर्वक तरीके से चुनाव कराने के लिए पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बलो के साथ मिलकर अलग-2 स्थानों को चिन्हित करके 12 स्थानों पर विशेष तौर से नाकाबंदी की गई है। जहां से वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

# आज से शुरू एमडीयू की यूजी और पीजी परीक्षाएं, 30 टीमें नकल पर रखेंगी नजर

■ नकल रहित परीक्षा कराना चुनौती, परीक्षाओं में 2,76,033 विद्यार्थी बैठेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने 9 मई से स्नातकीय (यूजी) तथा स्नातकोत्तर (पीजी) परीक्षाओं के संचालन के लिए जरूरी तैयारियां कर ली हैं। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एमडीयू की यूजी व पीजी परीक्षाओं में 2,76,033 विद्यार्थी बैठेंगे। विश्वविद्यालय ने कुल 230 परीक्षा केन्द्रों की स्थापना विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों तथा संबद्ध महाविद्यालयों में की है। 230 परीक्षा केन्द्र अधीक्षक तथा 230 उप-अधीक्षक परीक्षा संचालन का दायित्व निभाएंगे। हर तीस परीक्षार्थी पर परीक्षा केन्द्र में एक निरीक्षक तैनात होगा। 30 परीक्षा उड़न दस्ते परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए तैनात रहेंगे। परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा संचालन तथा मूल्यांकन कार्य के संचालन-समन्वयन के लिए 7 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं।

#### परीक्षा की गरिमा बनाए रखने की अपील

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलपति ने विश्वविद्यालय शिक्षकों, संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों तथा प्राध्यापकों, विवि गैर शिक्षक कर्मियों से परीक्षा कार्य को बेहतरीन ढंग से संचालित करने तथा परीक्षा व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने की अपील की। कुलपति ने कहा कि एमडीयू की समयबद्ध परीक्षा संचालन तथा समयबद्ध परीक्षा परिणाम घोषणा की स्वस्थ परंपरा रही है। इसी परंपरा को बरकरार रखने का आह्वान कुलपति ने किया। गौरतलब है कि यूजी सेमेस्टर परीक्षा 9 मई से 11 जून तक, पीजी सेमेस्टर परीक्षा 9 मई से 8 जून तक, एमबीए परीक्षा 9 मई से 4 जुलाई तक, विधि परीक्षा 9 मई से 8 जून तक, इंजीनियरिंग परीक्षा 11 मई से 9 जून तक तथा ओटीएमआईएल परीक्षा 15 मई से 1 जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा डेटशीट एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध है।






### बैंसी में ईदगाह के पास मिला भ्रूण मामला दर्ज

**महम।** बैंसी गांव में एक नवजात शिशु का भ्रूण पड़ा मिला है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लाखन माजरा पुलिस को दी शिकायत में बैंसी गांव के 34 वर्षीय अमन पुत्र बीर सिंह ने बताया कि वह बैंसी गांव का सरपंच है। सुबह 8 बजे गांव के राजेश ने उसके पास फोन किया कि ईदगाह के पास एक शिशु का भ्रूण पड़ा हुआ है। कोई अज्ञात महिला इसको यहां पर फेंक गई है। महिला का पता लगाकर इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। महिला की छानबीन की जा रही है।

# फरमाणा के गौरव ने फोरेस्ट सर्विसेज परीक्षा में हासिल किया 28वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

फरमाणा के गौरव सहारण ने यूपीएससी की फोरेस्ट सर्विसेज परीक्षा में 28वां रैंक हासिल किया है। गौरव की इस उपलब्धि पर गांव में जश्न का माहौल है। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। गौरव ने आईआईटी पलक्कड़ केरला से बीटेक की परीक्षा पास की थी और एमडीयू से इकोनोमिक्स विषय में स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की हुई है। गौरव की उम्र 24 साल है। इनके पिता सत्यवीर सिंह मुख्य अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हैं। इनकी माता रेणूबाला लाढौत के सरकारी स्कूल में संस्कृत टीचर हैं। इनकी बड़ी बहन भी यूपीएससी की तैयार कर रही हैं। गौरव ने सितंबर 2023 में यूपीएससी प्री की परीक्षा पास की थी। नवंबर 2023 को यूपीएससी की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की और अप्रैल 2024 में इंटरव्यू फेस किया। पांच अंक से आईएएस रैंक से वंचित रह गया था और अब बुधवार को फोरेस्ट सर्विसेज परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। 147 अभ्यर्थी इंडियन फोरेस्ट सर्विसेज के लिए चुने गए हैं। जिनमें गौरव ने 28वां रैंक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर पिता सत्यवीर सिंह और माता रेणूबाला ने कहा है कि उनके बेटे ने कड़ी मेहनत करते हुए यह परीक्षा पास की है।


**महम।** फोरेस्ट सर्विसेज परीक्षा में 28वां रैंक हासिल करने वाले फरमाणा के युवक गौरव अपने माता पिता के साथ।

**कैंप** पीजीआई ओपीडी में लगाया रक्तदान शिविर, 88 यूनिट रक्त एकत्र

# स्वस्थ व्यक्ति को 3 माह में एक बार रक्तदान जरूरी करना चाहिए: डॉ. गजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में बुधवार को यूथ रेडक्रास यूएचएस द्वारा स्टेट बैंक के सौजन्य से एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मेडिकल ब्रांच प्रबंधक नीरज शर्मा ने किया। कैंप में करीब 88 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह ने कहा कि पृथ्वी पर रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं है क्योंकि रक्तदान करने वाला व्यक्ति ना तो उसके बदले में कुछ चाहता है और ना ही यह जानता है कि यह रक्त किसको चढ़ेगा। हम सभी को हर तीन माह बाद रक्तदान करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर मे जब उन्होंने एक रक्तदाता से रक्तदान करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह अपने दोस्त को ओपीडी मे दिखाने आया था और उसके दिल ने कहा और वह रक्तदान करने आ गया। डॉ. गजेंद्र सिंह ने कहा कि हमें अपने दिल की आवाज को सुनकर कार्य करना चाहिए। डॉ. गजेंद्र ने कहा कि परिजनों से रक्त मागनें पर कई बार परिजन रक्तदान करवाने में असमर्थ होते हैं जिसके लिए हम स्वैच्छिक रक्तदान से ही रक्त की कमी को पूरा कर सकते है।



**रोहतक।** रक्तदाता को सम्मानित करते हुए ब्लड बैंक के विभागाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह व एसबीआई मैनेजर नीरज शर्मा। फोटो : हरिभूमि

#### प्रदेश के लोगों मे रक्तदान करने के प्रति जोश-जज्बा


डॉ. गजेंद्र ने बताया कि एक यूनिट रक्त को अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से सम्पूर्ण रक्त को विभाजित करके प्रयोग में लाया जा सकता है जैसे प्लाजमा, प्लेटलैट, पैक्डसेल वाल्यूम आदि। आज के समय में किसी शरीर में रक्त चढ़ाने के आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक द्वारा एक यूनिट रक्त का बहुतायत उपयोग सम्भव है। एसबीआई मैनेजर नीरज शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मीडिया के सहयोग से रक्तदान के प्रति लोगों में काफी जागरुकता आई है और हरियाणा में स्वैच्छिक रक्तदान करने वालों में बढोतरी हुई है। हरियाणा के लोगों मे रक्तदान करने के प्रति बहुत ज्यादा जज्बा है।

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एलर्जी की वजह से हो सकती है गले में खराश



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से गले में अकसर खराश बनी रहती है और कभी-कभी गले में दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-भूपेन, रोहतक**

यह समस्या मौजूदा समय में काफी लोगों को हो रही है, इसका सबसे बड़ा कारण एलर्जी होना है। घर से बाहर निकलने पर धूल और धुएं से लोगों को एलर्जी होती है और गले में खराश भी हो जाती है। इससे बचने के लिए आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी से गरारा जरूर करें, इससे राहत मिलेगी। ज्यादा समस्या हो तो एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। ठीक होने के बाद भी मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं कि ये निशान कैसे ठीक होंगे?**

**-आनंद, दिल्ली**

सामान्य तौर पर चिकनपॉक्स के निशान धीरे-धीरे जाते हैं, साथ ही यह डिपेंड करता है कि निशान किस तरह के हैं। बगैर देखे कुछ नहीं कहा जा सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ मेडिसिनल क्रीम्स या लोशन बता देंगे, जिसे लगाने से दाग जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा हावी रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुरेंद्र, कोरबा**

सबसे पहले आप यह जानने की कोशिश करें कि हाल-फिलहाल में ऐसा क्या हुआ है, जिसके बाद आपके व्यवहार में यह बदलाव आया है? जो समस्या आई हो, उसका समाधान निकालना जरूरी है, इसके बाद ही आपको राहत मिलेगी। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी आंखों में अकसर जलन होती रहती है। हालांकि विजन की कोई प्रॉब्लम नहीं है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-हर्ष, रायपुर**

कई बार अधिक वायु प्रदूषण होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आप यह देखें कि जहां रह रहे हैं, क्या वहां पर अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है? अगर ऐसा हो रहा है तो आप घर से बाहर निकलें तो गॉगल्स या जीरो पावर का चश्मा पहनकर ही निकलें। इसके अलावा एक बार आप नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर यह भी पता लगाएंगे कि आंखों में संक्रमण तो नहीं है, जिसकी वजह से जलन हो रही हो।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ देर खड़े रहने से ही मेरे पैरों में झनझनाहट होने लगती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजकिशोर, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से मिलना चाहिए। वो एक्स-रे कराएंगे और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन भी कराएंगे। इससे झनझनाहट होने की वजह पता चलेगी और उसका उपचार हो सकेगा। हालांकि कई बार न्यूरो संबंधी समस्या की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है, लेकिन यह डॉक्टर ही तय करेंगे, उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द बना रहता है। कहीं चोट भी नहीं लगी है। चलते समय या लेटते समय आराम रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हेमराज, जबलपुर**

सबसे पहले आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें। आजकल ज्यादातर लोगों को इसी वजह से कमर में दर्द होता है। अगर रिपोर्ट में कोई कमी आती है, तो डॉक्टर से संपर्क कर इसके लिए दवा लें और नियमित रूप से खाएं। *

**प्रस्तुति:रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस

डॉ. नवनीत सूद
सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली

हाल में कोविशील्ड कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ फैक्ट्स सामने आए हैं। इसको लेकर देश-विदेश में लोग चिंतित हो रहे हैं। कई तरह के दुष्प्रचार भी फैलाए जा रहे हैं। वास्तव में इनकी सच्चाई क्या है, इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं और इन साइड इफेक्ट्स को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब आप जरूर जानना चाहेंगे।

# कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स घबराएं नहीं-हेल्थ का रखें ध्यान






सबसे पहले तो इस बात को समझना जरूरी है कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ होते हैं, जबकि इन दुर्लभ दुष्प्रभावों की तुलना में टीकाकरण के लाभ कहीं अधिक हैं। अभी हाल ही में कोविड वैक्सीन, कोविशील्ड को बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकारा है कि उनकी वैक्सीन में टीटीएस (थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोंबोसिस) नामक साइड इफेक्ट होने की संभावना हो सकती है लेकिन यह बेहद कम है। ये न्यूनतम साइड इफेक्ट कई अन्य टीकों के साथ भी जुड़ा रहा है इसलिए आम जनता को इसको लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए और ना ही इस बारे में फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए।

## सालों बाद नहीं होते साइड इफेक्ट्स

किसी भी वैक्सीन से संबंधित साइड इफेक्ट्स सामान्य रूप से वैक्सीन की पहली खुराक लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के अंदर ही होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद एक महीने तक साइड इफेक्ट्स नहीं हुए हैं, उन्हें चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह सोचकर परेशान ना हों कि दो साल पहले लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अब सामने आ सकते हैं।

## साइड इफेक्ट्स में शामिल लक्षण

किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में ज्यादातर आपको स्किन पर रेडनेस, सूजन, त्वचा की कोमलता, बदन दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, बुखार, चिड़चिड़ापन, थकान महसूस होना, भूख ना लगना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और दस्त आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

## सीरियस साइड इफेक्ट्स का रिस्क

सीरियस साइड इफेक्ट्स उन लोगों में दिख सकते हैं, जिनकी इम्यूनिटी वीक होती है। हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता यानी इम्यूनिटी दो तरह से विकसित होती है। एक टीके यानी वैक्सीन से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर से। कुदरती तरीके से इम्यूनिटी प्राप्त करने में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। इसके बजाय वैक्सीन के जरिए इम्यूनिटी बूस्ट करने पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। लेकिन ऐसे साइड इफेक्ट्स 6 महीने में सामने आ जाते हैं। अब तो वैक्सीनेशन के बाद 2 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

## तब डॉक्टर से करें कंसल्ट

टीकाकरण के बाद वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अधिकतर हल्के और मध्यम होते हैं और कुछ दिनों बाद ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों में ये लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं। ऐसे में सूजन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और बुखार के अलावा अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो आपको एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

## साइड इफेक्ट्स की डायग्नोसिस

कोविड वैक्सीन के कारण हमारे शरीर में एस1, एस 2 प्रोटीन और म्युटेंट एस प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और इस कारण ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार सीसीआर-5 फैक्टर एक्टिवेट होने की संभावना बनी रहती है। इससे रक्त नलिकाओं पर प्लेटलेट्स चिपकने लगती हैं। इसी के चलते आगे रक्त के प्रवाह में रुकावट की संभावना हो सकती है। हालांकि इसका पर्सेंटेज बहुत ही कम होता है। लेकिन अपने मन की शंका को दूर करने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ब्लड में एस1, एस2 प्रोटीन के स्तर की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा आप सीसीआर-5 लेवल, साइटोकाइन प्रोफाइल और इंफ्लेमेटरी मार्कर की भी जांच करा सकते हैं। यदि टेस्ट रिपोर्ट में इनका स्तर बढ़ा हुआ आता है तो इन्हे मेडिकल सुपरविजन में दवाओं से कम भी किया जा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, बेन स्ट्रोक, पल्मोनरी इंबोलिस्म, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर की समस्या से बचा जा सकता है।



### इन बातों का रखें ध्यान

**कोविड वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स को लेकर किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह एक बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट है, जो वैक्सीन लगवाने के सिर्फ एक महीने के अंदर ही हो सकता है, उसके बाद नहीं। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक बातों, सोशल मीडिया के अनऑथेंटिक सूचनाओं के बारे में पढ़, सुन या देखकर चिंतित ना हों। पोषक तत्वों से भरपूर सादा भोजन करें, प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें। अगर किसी अन्य बीमारी की दवाइयां चल रही हैं तो उन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के रोकें नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और डॉक्टर से संपर्क में रहें।

## लाइफस्टाइल-डाइट प्लान में करें बदलाव

वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स होने की आशंका को खत्म के लिए आप वसायुक्त खाद्य पदार्थों का, नमक का और मिर्च-मसालों का सेवन कम करें। अपने बॉडी वेट को नियंत्रण में रखें। पानी अधिक मात्रा में पिएं। अन्य किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसकी जांच कराते रहें। फास्ट फूड के सेवन से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सिगरेट और शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही डेली व्यायाम और योगाभ्यास को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और हेल्थ भी अच्छी रहेगी। * **प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

हेल्थ न्यूज

# विटामिन डी की कमी से बच्चों में एलर्जी का रिस्क



विटामिन डी को शरीर के लिए बहुत ही जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसकी कमी से हड्डियों के कमजोर होने का खतरा होता है, यह तो काफी लोग जानते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में विटामिन डी की कमी और बच्चों में एक्जिमा स्किन कंडीशन होने की संभावनाओं के बीच संबंध देखा गया है। 'वर्ल्ड एलर्जी जर्नल ऑर्गनाइजेशन' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार विटामिन डी का सीधा संबंध एलर्जेन सेंसिटाइजेशन से होता है। यानी, विटामिन डी की कमी से एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के बढ़ने का खतरा अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने अपनी स्टडी में पाया कि बचपन में विटामिन डी की कमी से बच्चों में एटॉपिक डर्मेटाइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन नियमित रूप से कराएं।

रिसर्चर्स के अनुसार फैटी फिश सामन, मैकेरल और टूना जैसी मछलियां, विटामिन डी का बेहतरीन स्रोत हैं। इन मछलियों को हफ्ते में दो बार बच्चों को खिलाने से उनकी विटामिन डी की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके अलावा अंडे, दूध, खमीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे सोर्स होते हैं, जिनको खाने से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है सुबह की धूप। बच्चों को सुबह आठ-नौ बजे से पहले की धूप में 15 से 20 मिनट खेलने दें। इससे उनकी त्वचा प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करेगी और बच्चों में विटामिन डी की कमी पूरी होगी। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

औषधीय पौधे / दीपिका शर्मा

# फल ही नहीं पत्ते भी होते हैं गुणकारी



बीमारियों से बचने के लिए अच्छे खान-पान की जरूरत होती है। अच्छे खान-पान में सबसे पहले जिक्र आता है फलों का। जिनके रोजाना सेवन से हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल दुरुस्त रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सेहत के मामले में ना सिर्फ फल बल्कि कुछ फलदार पेड़ों के पत्ते भी बेहद लाभकारी होते हैं? इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**अमरूद:** अमरूद के पत्ते भी हमें सेहतमंद बना सकते हैं। इनमें फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, पोटेशियम, तांबा और मैंगनीज भरपूर होते हैं। इसमें कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों मौजूद होते हैं, जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर बनाते हैं। अमरूद के पत्तों में फेनोलिक यौगिक होने से शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके पत्तों में बायोएक्टिव कंपाउंड होता हैं, जो कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को रोकता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता भी रहता है। प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में भी अमरूद के पत्तों को कारगर माना गया है।

**पपीता:** यदि आप पेट की समस्या से परेशान रहते हैं तो पपीते के पत्ते आपके लिए रामबाण इलाज हैं। इसके पत्तों में कई प्रकार के एंजाइम्स होते हैं, जैसे पेपीन, कायोमोपेन आदि। अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है तो उसके पत्ते का रस आपके लिए बहुत लाभकारी होगा। गैस और अपच की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। डेंगू और मलेरिया में इसके पत्तों का रस बहुत लाभकारी होता है। पपीते के बीज भी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमे काफी मात्रा में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड जैसे ओलिक एसिड, पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनॉइड्स होते हैं, जो शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं।

**अंगूर:** अंगूर की पत्तियों में फाइबर की मात्रा काफी होती है। इससे पाचन धीमा होता हैं। पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। इसके पत्तों में अंगूर से भी अधिक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही इसमे मौजूद विटामिन ए की मात्रा भी आपको स्वस्थ रखती है। इसके पत्तों में कैल्शियम और आयरन भी होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और खून भी बढ़ाते हैं। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. पवन कौशिक से बातचीत पर आधारित)**

आयुर्वेद

संध्या रानी

गर्मी दिनों-दिन बढ़ रही है। इस वजह से कई लोग घमौरियों से परेशान होते हैं। उससे बचाव और उपचार के लिए आप कुछ सरल घरेलू उपायों को आजमा सकते हैं। इनसे आपको ठंड का भी एहसास होगा।

# घमौरियों से बचने के सरल घरेलू उपचार



गर्मी और उमस की वजह से घमौरी होना एक आम समस्या है। इसमें त्वचा पर अनेक छोटे-छोटे लाल दाने निकल आते हैं। इसमें खुजली और बहुत जलन होती है। यह अधिकतर पीठ, छाती, गला, कमर और बगल के आस-पास होती है। इसे मेडिकल भाषा में मिलियारिया कहते हैं। इसे प्रिक्ली हीट भी कहा जाता है।

**घमौरी के कारण:** प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार घमौरी होने का मुख्य कारण पसीने की ग्रंथियों में रुकावट होना है। शरीर में विजातीय तत्व रोम छिद्र को बंद कर देते हैं, जिसके कारण शरीर से पसीना बाहर नहीं निकल पाता है। यही वजह है कि गर्मी और उमस भरा मौसम आने पर छोटी-छोटी घमौरियां निकल आती हैं। इसमें जलन के साथ-साथ दर्द भी होता है।

**घरेलू उपचार:** घमौरियों का पूर्ण इलाज तभी संभव हो सकता है जब शरीर के रोम छिद्रों के माध्यम से जो विष घमौरी के रूप में निकलना चाह रहा है, उसे बाहर निकाल दिया जाए। इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा में बहुत ही कारगर उपचार है, जिसे आप आसानी से अपने घर पर ही कर सकते हैं।

**मिट्टी स्नान:** मिट्टी स्नान के लिए साफ जमीन से एक फीट नीचे की मिट्टी निकाल लें। मिट्टी से कंकड़, पत्थर और कूड़ा आदि निकाल कर साफ कर लें। फिर किसी बर्तन में रखकर पानी डाल दें। जब पानी के साथ मिट्टी गल जाए तब उसकी लुगदी सी बना लें। अब सुबह की धूप में बैठकर पूरे शरीर पर मिट्टी का गाढ़ा लेप करें। यदि धूप अधिक हो तो सिर पर कपड़ा रख सकते हैं। शरीर पर मिट्टी लेपने के बाद धूप में जरूर बैठना चाहिए। कुछ समय धूप में बैठने के बाद मिट्टी सूखकर अपने आप शरीर से छूटकर गिरने लगेगी। जब मिट्टी पूरी तरह से सूख जाए तब बची हुई मिट्टी को रगड़ कर छुड़ा देना चाहिए। इसके बाद ताजे पानी से स्नान कर शरीर को साफ कर लेना चाहिए। इस उपचार से घमौरी बिल्कुल शांत हो जाएगी और गर्मी में शरीर में कूलिंग का एहसास भी होगा। जिन स्थानों पर यह मिट्टी उपलब्ध न हो वहां मुल्तानी मिट्टी का लेप पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है। परंतु इस स्थिति में यह ध्यान रखें कि इस लेप को सूखने पर पानी के छींटे देकर बार-बार भिगोते रहें। इस लेप को कम से कम एक घंटा लगा कर जरूर रखें। बेहतर होगा किसी अनुभवी नेचुरोथेरेपिस्ट के निर्देशन में ऐसा करें। कटि स्नान से भी घमौरियों से राहत मिलती है। इसे भी विशेषज्ञ के निर्देशन में ही लें।

**एलोवेरा का उपयोग:** एक कटोरी में एलोवेरा जैल लेकर पूरे शरीर पर लगाना चाहिए। इसका प्रयोग कम से कम तीस मिनट तक जरूर करना चाहिए। इसके बाद शरीर को ठंडे पानी से स्पंज कर लें या नहा लें। *

**(नेचुरोपैथ चिकित्साधिकारी डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

सोनम लववंशी

सेल्फ मेडिकेशन का मतलब बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए, खुद अपने मन से, कहीं पढ़कर, सुनकर या इंटरनेट पर देखकर किसी रोग की दवा लेना। हाल के वर्षों में इसका ट्रेंड बढ़ रहा है, जबकि ऐसा करना हेल्थ के लिए बहुत हार्मफुल हो सकता है।

# हेल्थ के लिए हार्मफुल सेल्फ मेडिकेशन



घरों में अकसर बुजुर्गों से बातचीत में यह सुना जाता है कि उनके जमाने में वे कभी बीमार नहीं पड़ते थे। लोग सेहतमंद हुआ करते थे, यहां तक कि मौसम की मार भी उन पर असर नहीं करती थी। लेकिन, अब वो स्थिति नहीं रही। बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण हर व्यक्ति कभी न कभी बीमार जरूर होता है। खुद नहीं होता तो उनके परिवार में उसे इस स्थिति का सामना जरूर करना पड़ता है। इस मामले में खतरनाक बात यह है कि आजकल कई लोग बीमारियों का इलाज डॉक्टर से करवाने के बजाय खुद ही करने लगे हैं। जब ऐसे प्रयोग अपना दुष्प्रभाव दिखाते हैं, तो कई बार इसके गंभीर परिणाम तक भुगतने पड़ते हैं। यहां तक कि ऐसा करना जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए ऐसा कुछ करने से बचना चाहिए।

**खुद डॉक्टर ना बनें :** कुछ लोगों की आदत होती है कि दोस्तों या परिवार में जैसे ही कोई बीमार होता है, उसे अपना दवा ज्ञान देना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि खुद भी अपना इलाज करने लग जाते हैं। सर्दी-खांसी या छोटे-मोटे दर्द तक तो ठीक है, पर लक्षणों को देख कर खुद का दवा-ज्ञान या मेडिकल स्टोर वाले से दवा लेना हेल्थ के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकता है। आजकल तो बहुत से लोग इंटरनेट पर भी अपना इलाज खोजने में देर नहीं करते हैं, जबकि इसके परिणाम घातक होते हैं। खासकर छोटे बच्चे, गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्गों को तो बिना डॉक्टरी परामर्श के कतई दवा नहीं देनी चाहिए।

**डॉक्टरी परामर्श जरूरी :** डॉक्टरों का तो आए दिन इस तरह के मरीजों से पाला पड़ता है, जो खुद का इलाज करके अपनी बीमारी को और अधिक गंभीर बना लेते हैं। ऐसे मरीज डॉक्टर की सलाह को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। कई बार तो इंटरनेट रिसर्च करके टेस्ट तक करवा लेते हैं और रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं। सच्चाई यह है कि अब तो किसी भी बीमारी में डॉक्टर भी बिना जांच के पेशेंट का इलाज शुरू नहीं करते हैं।

**इंटरनेट से बढ़ा ट्रेंड:** लोगों में बीमारी को लेकर सलाह लेने-देने का चलन नया नहीं है। लेकिन, इंटरनेट आने के बाद हर दूसरा आदमी खुद को आधा डॉक्टर मान लेता है। हर बीमारी के झटपट इलाज के दावों की इंटरनेट पर बाढ़ लगी हुई है। इंटरनेट पर बीमारी का इलाज ढूंढ़ना बहुत आसान होता है। इस वजह से कई लोग डॉक्टर के पास जाना भी जरूरी नहीं समझते हैं। इंटरनेट पर जानकारी भले ही सही हो, पर जरूरी नहीं कि वो उस मरीज पर असर ही करे, क्योंकि डॉक्टर मरीज की उम्र, हेल्थ कंडीशन से लेकर उसकी मेडिकल रिपोर्ट तक देखने के बाद ही इलाज करता है। यही नहीं पेशेंट को दवा लेने से कोई एलर्जी या साइड इफेक्ट न हो इस बात का भी पूरा ख्याल रखता है।

**हो सकते हैं गंभीर परिणाम:** कई लोग मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवा ले लेते हैं। लेकिन, वे भूल जाते हैं कि मेडिकल स्टोर वाला डॉक्टर नहीं है। उसे दवा की जानकारी हो सकती है, पर जरूरी नहीं कि उसे दवा का सही डोज, मरीज के लिए उसकी जरूरी मात्रा और दवा के दुष्प्रभाव के बारे में सही जानकारी हो। ऐसा अधूरा ज्ञान पेशेंट के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सेल्फ मेडिकेशन की आदत से कई बार छोटी बीमारी भी बहुत सीरियस हो जाती है। गलत इलाज या गैर जरूरी दवाइयों के सेवन से किडनी और लिवर जैसे अंग खराब होने का भी खतरा बना रहता है।

**प्रभावी कदम उठाने की है जरूरत:** लोगों में सेल्फ मेडिकेशन के बढ़ते ट्रेंड से चिंतित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी इंटरनेट पर मौजूद दवा संबंधी जानकारी और ऑनलाइन कंसल्टेंसी को लेकर एक रिपोर्ट सरकार को दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में टेली मेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, इंटरनेट कंसल्टेशन पर कोई नीति बनाई जानी चाहिए। हालांकि इंटरनेट की जानकारियों पर प्रतिबंध लगाना आसान नहीं है। लेकिन, चेतावनी जरूर दी जा सकती है कि दवाइयों संबंधी जानकारी का अपनी मर्जी से इस्तेमाल न करें। पर, अभी ऐसी कोई नीति नहीं बनी है। ऐसे में लोगों को खुद ही जागरूक होना जरूरी है। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### वैश्य कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में मैनेजमेंट के मार्गदर्शन में प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा की देखरेख में इलेक्टोरल क्लब की संयोजिका डॉ. मधु व टीम सदस्य डॉ. सुदेश, डॉ. मोनिका, दिनेश द्वारा कॉलेज में मतदान जागरूकता के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा ने कहा मतदान हर व्यक्ति का अधिकार है, प्रत्येक नागरिक को वोट डालना चाहिए तभी लोकतंत्र मजबूत बन पाएगा। इस अवसर पर डॉ. ज्योति आहूजा, प्रीती, डॉ. निधि, मीनू गुप्ता, अंजू सचदेवा, डॉ. अंजू शर्मा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. पूजा, इंदू, डॉ. कुसुम, डॉ. सुनीता, मनजीत, पूजा, सीमा, सुनीता, राहुल, सुमित मौजूद रहे।

### पीडब्ल्यूडी कर्मियों की दो यूनियनों का विलय

**रोहतक।** पीडब्ल्यूडी चरखी दादरी व कैम्प कार्यालय रोहतक की संयुक्त मीटिंग झज्जर रोड स्थित यूनियन कार्यालय में राज्य महासचिव समुन्द्र सिंह तथा जिला प्रधान अनिल बल्हारा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य एजेंडा दोनों यूनियनों का विलय करना रहा। राज्य प्रधान ईश्वर शर्मा ने राकेश को राज्य उपप्रधान और सुनील हुड्डा को जिला उपप्रधान सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों की सहमति से चुनने का निर्णय लिया और मीटिंग में एचकेआरएन के कर्मचारियों के अनुभव व कर्मचारियों को एचकेआरएन से बाहर करके रेगुलर करने की पॉलिसी के बारे में विचार विमर्श किया गया।

### एक माह बाद भी किसानों को नहीं हुआ भुगतान

**सांपला।** मंडी में गेहूं का उठान धीमा है। धीमा उठान होने की वजह से एक महीना बीतने के बाद भी किसानों के खातों में रुपये नहीं आए हैं। सांपला अनाज मंडी में साढ़े चार लाख क्विंटल गेहूं की आवक हुई, जबकि 45000 क्विंटल सरसों बिक्री के लिए पहुंची। अभी तक करीब 60 गेहूं का उठान हुआ है। उठान न होने की वजह से सैकड़ों किसानों की लाखों का भुगतान अटका हुआ है। मंडी में दोनों फसलों की आवक बंद हो चुकी है। हाल में केवल उठान का कार्य बचा हुआ है। जबकि सरकार के निर्देश थे कि किसान की फसल खरीदने के 72 घंटे बाद ही उसके खाते में पेमेंट पहुंच जाएगी।

## मतदान पार्टियों व माइक्रो ऑब्जर्वर को बैठक में दी हिदायतें

# आदर्श चुनाव आचार संहिता को सख्ती से करें लागू: पर्यवेक्षक रेड्डी

- नियुक्त किए सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण शिविर लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक लोकसभा के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि यदि संपत्ति विरूपण की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित चुनाव प्रत्याशी को तुरंत नोटिस जारी किया जाये। लोकसभा क्षेत्र में नियुक्त किये गए सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाए, जिसमें उन्हें ऐसी शिकायतों के निपटारे के संदर्भ में जागरूक किया जाये। सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी स्थानीय लघु सचिवालय में रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार तथा झज्जर जिला के जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह के साथ मतदान पार्टियों तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की रैंडमाइजेशन के दौरान संबंधित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम के तहत इस संदर्भ में हिदायतें जारी की गई है। उन्होंने कहा कि आम जनता को भी इस बारे में जागरूक किया जाये। आदर्श आचार संहिता की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित की जाये तथा इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाये। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत छठे चरण में 25 मई को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां जारी है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र में रोहतक, झज्जर व रेवाड़ी जिला के 9 विधानसभा क्षेत्र शामिल है। सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में रोहतक व झज्जर जिलों की चार-चार विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों, वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों की दूसरी रैंडमाइजेशन की गई। सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी की उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जर्वर की भी प्रथम रैंडमाइजेशन की गई। मतदान पार्टियों के साथ आरक्षित स्टाफ का भी रैंडमाइजेशन किया गया। मतदान पार्टी स्टाफ की दूसरी रैंडमाइजेशन के तहत विधानसभा क्षेत्र अलॉट किये गए है।

### जिले में 814 मतदान केंद्र बनाए

रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि रोहतक जिला में चार विधानसभा क्षेत्र महम-60, गढ़ी-सांपला-किलोई-61, रोहतक-62 व कलानौर (अनुसूचित जाति)-63 है, जिनमें 814 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। जिला में चारों विधानसभाओं के लिए 1059 मतदान पार्टियां गठित की गई है। मतदान पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी, एक वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी तथा दो मतदान अधिकारी शामिल है। जिला की चारों विधानसभाओं के मतदान केंद्रों के चिन्हित मतदान भवनों के लिए आरक्षित सहित माइक्रो ऑब्जर्वर का रैंडमाइजेशन किया गया है। झज्जर जिला के जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि झज्जर जिला में चार विधानसभा क्षेत्र बहादुरगढ़-64, बादली-65, झज्जर (अनुसूचित जाति)-66 तथा बेरी-67 है, जिनमें 797 मतदान केंद्र बनाये गए है। चारों विधानसभाओं के मतदान केंद्रों के चिन्हित भवनों के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किये गए है तथा माइक्रो ऑब्जर्वर आरक्षित किये गए है।

### ये रहे मौजूद

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव सिवाच, महम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी दलबीर फोगाट, रोहतक विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार, सांपला विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुभाष चंद्र जून, झज्जर विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी रविंद्र यादव, बहादुरगढ़ विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी परमजीत चहल, बेरी विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी रविंद्र मलिक, बादली विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी सतीश यादव तथा कोसली विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी उदय सिंह, रोहतक के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश अंकित कुमार, डीआईओ डॉ. जितेंद्र मलिक, झज्जर के डीआईओ अमित बंसल, रोहतक के चुनाव तहसीलदार हनुमान दास सहित अन्य मौजूद रहे।

# रोप स्किपिंग की विजेता टीमों को सम्मानित किया



- गौड़ ब्राह्मण सेंट्रल स्कूल में रोप स्किपिंग चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौड़ ब्राह्मण सेंट्रल स्कूल में रोप स्किपिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आईएनएलडी के प्रवक्ता एडवोकेट कृष्ण कौशिक और गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य जेपी शर्मा रहे। चैंपियनशिप में 18 स्कूलों के 448 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संघ के महासचिव सुनील वशिष्ठ ने बताया की कार्यक्रम में बच्चों ने रस्सी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पहला स्थान सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दूसरा स्थान आर्यन ग्लोबल करौथा तथा तीसरा स्थान पठानिया पब्लिक स्कूल व डीएजी स्कूल ने प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक देकर कर सम्मानित किया। एडवोकेट कृष्ण कौशिक, प्राचार्य जयपाल शर्मा व प्राचार्या अनीता गौड़ को संगठन की ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही सहयोगी संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी आगामी हरियाणा स्टेट रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में आंचल, कीर्ति, संजू, भावना, साक्षी, पारस मोहित आर्यन ने निर्णायक की भूमिका निभाई इस अवसर पर करियर प्वाइंट कोटा से सपना, सैनिक स्कूल के निदेशक अशोक दलाल, श्री हरि हर धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम, उप प्रधान सतिंदर मान, सह सचिव सुरेश पन्नू, जिला सचिव नीरज, टेक्निकल डायरेक्टर हरवीर राठी, मनीष वशिष्ठ, आशा जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# जिलास्तर पर मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस



**रोहतक।** रोहतक में उपायुक्त एवं सोसायटी के अध्यक्ष अजय कुमार तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें मुख्य तौर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व सीपीआर और बेसिक फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। आज मुख्य तौर पर जिला रेडक्रॉस समिति के कार्यालय में रेडक्रॉस के आजीवन सदस्यों एवं सभी कर्मचारियों ने सर जीन हेनरी ड्डुनांत के फोटो पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। इसके बाद जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के प्रांगण में यूथ रेडक्रॉस के माध्यम से एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। हेल्थ यूनिवर्सिटी में बीएससी नर्सिंग की छात्राओं के मध्य प्राथमिक सहायता एवं सीपीआर के विषय पर व्याख्यान दिया और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें

- गुरुकुल विश्वभारती में मनोविज्ञान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



लाढौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के लिए मनोविज्ञान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शोधकर्ता राज आलमपुर (मनोवैज्ञानिक एवं परामर्शदाता) ने मनोविज्ञान से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर सभी को जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल निदेशक नंद किशोर ने की। राज ने बताया कि आज के समय में हर व्यक्ति तनावपूर्ण जीवन जी रहा है, जिसका नकारात्मक प्रभाव उसकी क्षमताओं पर पड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अत्यधिक तनाव आत्महत्या जैसे हानिकारक कार्यों को जन्म दे सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि व्यक्ति विभिन्न तरीकों से तनाव को कम कर सकता है, जिसमें सकारात्मक सोच सबसे प्रभावी उपाय है। नकारात्मक सोच व्यक्ति के विकास में बाधक बनती है। इसलिए सकारात्मक सोच के साथ तनाव पर नियंत्रण बनाए रखना जरूरी है। प्राचार्य संजय कौशिक ने बताया कि मानसिक तनाव विद्यार्थियों के जीवन के लिए बहुत हानिकारक है।

विद्यार्थियों को अपनी सभी समस्याओं को अपने अध्यापकों या अभिभावकों से साझा करना चाहिए ताकि समय रहते समाधान मिल सके और विद्यार्थी तनाव मुक्त रह सकें। इस अवसर पर गुरुकुल अधिष्ठाता नंदलाल, प्राचार्य संजय कौशिक आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### बाबा मस्तनाथ विद्यालय में अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित



**रोहतक।** अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में बुधवार को कैडेट्स व पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार समारोह (अवार्ड सेरेमनी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक ग्रुप कैप्टन सुरिंद्र मोहन शर्मा व अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व उप प्राचार्या अंजू मलिक ने की। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना, स्वागत नृत्य, गिद्धा व अभिप्रेरण नृत्य द्वारा की गई। विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। सैनिक विद्यालय में छठी से सातवीं तक के कैडेट्स व पब्लिक विद्यालय में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नृत्य का अभ्यास अध्यापिका गरिमा, चंदानी व कुसुम शर्मा ने करवाया। मंच संचालन कशिश, कैडेट् अंशिका, अध्यापिका रितु मलिक व सीमा ने किया।

### निबंध लेखन के विजेता विद्यार्थियों का किया सम्मान



**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में विक्रमी नवसंवत 2081 विषय पर गत 6 अप्रैल को निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें कनिष्ठ वर्ग में छठी से आठवीं तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों ने भाग लिया। निबंध लेखन में दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भारत विकास परिषद की टीम से अशोक गुप्ता, धनपत राय गोयल तथा रमन द्वारा बुधवार को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम दीक्षा, द्वितीय कौशल एवं तृतीय स्थान दिया ने प्राप्त किया। इसके साथ ही वरिष्ठ वर्ग में प्रथम हर्षा, द्वितीय इच्छिता और तृतीय स्थान लतिका ने हासिल किया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के द्वारा छात्रों में चिंतन, मनन की क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक, उपप्राचार्या मशेनका, किरण सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बाबा मस्तनाथ विवि में मनाया रेडक्रॉस दिवस



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेडक्रॉस बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली, जो विश्वविद्यालय परिसर से लेकर दिल्ली बाईपास तक आयोजित की गई। रजिस्ट्रार डॉ. मनोज वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस और रेड क्रिसेंट दिवस की थीम मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है रही। उन्होंने कहा कि हम सबको स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करना चाहिए एवं अपने चारों तरफ साफ सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए।रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी नारे लगाए।

# संगठन को मजबूत करने के लिए चलाएंगे अभियान



**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा नगर निगम स्थित संघ कार्यालय में कर्मचारियों की एक विशेष बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल कांगड़ा द्वारा की गई। बैठक में मुख्य तौर से कोषाध्यक्ष महेंद्र संघेलिया पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में 28 अप्रैल को सेंट्रल लाइब्रेरी में संपन्न हुई राज्य स्तरीय कन्वेंशन की कार्यवाही के बारे में अवगत कराया। साथ ही कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाए जाएंगे। इस दौरान निर्णय लिया गया कि मई माह से 31 जुलाई तक सभी पालिकाओं परिषदों निगमों व अग्निशमन केन्द्रों पर सदस्यता अभियान किया जाएगा। 13 व 14 जून को जोरदार प्रदर्शन करते हुए सभी निगम आयुक्तों व डीएमसी के माध्यम से निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

# स्लोगन लेखन स्पर्धा में प्रो. आशीष दहिया प्रथम

- विश्व रेडक्रॉस दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिताओं के स्लोगन राइटिंग वर्ग में यूनिवर्सिटी एम्प्लाइज कैटेगरी में प्रो. आशीष दहिया ने प्रथम, यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट के परियोजना सहायक संदीप कुमार ने दूसरा व रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्टूडेंट कैटेगरी में यूआईईटी के अंकुर ने प्रथम, सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज की हिमानी ने दूसरा तथा विधि विभाग की अंकिता पांडेय ने तीसरा स्थान पाया। विधि विभाग की निकिता, इमसॉर की रिंकी और फार्मेसी के कार्तिक बंसल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने यूथ रेड क्रॉस को इस आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुलपति ने विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में वाईआरसी द्वारा- कीपिंग ह्यूमैनिटी एलाइव विषय पर आयोजित ऑनलाइन स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया। वाईआरसी की कार्यक्रम समन्वयिका प्रो. अंजू धीमान ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 47 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डा. कविता ने मंच संचालन किया। वाईआरसी काउंसलर्स डा. आशा शर्मा, डा. धीरज खुराना व डा. कपिल मल्होत्रा ने समन्वयन सहयोग दिया। इस अवसर पर चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक, एसोसिएट डीन, कालेज ब्रांच प्रो. सुमित गिल, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** विजेताओं को सम्मानित करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

### रक्तदान जरूरतमंदों को देता है नया जीवन

रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि रक्तदान से जहां जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है, वहीं रक्तदाता भी स्वस्थ रहता है। रक्तदान रगों में रक्त प्रवाह को नियंत्रित करता है, शरीर में आयरन के स्तर को संतुलित बनाए रखने में मदद करता है। स्वस्थ जीवन शैली के लिए हर इंसान से रक्तदान करने का आह्वान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में आयोजित इस रक्तदान शिविर में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बैज लगाकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और उपस्थित जन को रक्तदान की महत्ता से अवगत करवाया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य में रक्तदान की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शरीर को ताजा, स्वस्थ रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने के लिए उत्तेजित करता है।

## साउथ एशिया रोप स्किपिंग में पहली बार छाए हरियाणा के खिलाड़ी

# पठानिया स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते आठ पदक

- दो गोल्ड, 5 सिल्वर व 1 ब्रांज मेडल पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




गत 4 व 5 मई को नेपाल की राजधानी काठमाण्डू के लिन्चोर शहर के इंडोर स्टेडियम में साउथ एशियन रोप स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें साउथ एशिया से भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका व पाकिस्तान देशों के खिलाड़यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें भारत देश का नेतृत्व करते हुए पठानिया स्कूल के चार खिलाड़ियों ने 8 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। पठानिया स्कूल के आयुष्मान नायक ने अंडर-10 में स्पीड हॉप व स्पीड स्प्रिंट इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा के लिए पहली बार यह कीर्तिमान स्थापित किया।

हरियाणा के इतिहास मे यह पहली बार हुआ है कि अंडर-10 में किसी खिलाड़ी में साउथ एशियन चैम्पियनशिप में दो स्वर्णपदक प्राप्त किए हो। इसके अलावा नवजीत ने भी दो सिल्वर पदक जीतकर देश व हरियाणा का नाम रोशन किया। वहीं दीप हरियाणा की पहली बेटी बनी जिसने एक सिल्वर व एक ब्रांज मेडल जीतकर भारत व हरियाणा का नाम रोशन किया। अंडर-12 में मितांश ने डबल अंडर व स्पीड स्प्रिंट में दो सिल्वर पदक जीते।

हरियाणा रोप स्किपिंग एसोसिएशन के महासचिव एवं कोच मनदीप बुधवार ने बताया कि पठानिया स्कूल के साथ-साथ हरियाणा व भारत के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बच्चों की मेहनत, माता-पिता के सहयोग व स्कूल के बेहतरीन मार्गदर्शन को दिया। रेलवे स्टेशन पर स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया व सभी अभिभावकों द्वारा कोच व खिलाड़ियों का गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सभी ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। निदेशक अंशुल पठानिया, स्कूल को-फाउंडर वर्षा रानी पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी व सभी स्कूल कोर्डिनेटर्स ने बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा भविष्य में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### इंटर पर्सनल स्किल्स विकसित के टिप्स दिए

**रोहतक।** जनसंपर्क, विज्ञापन तथा कॉरपोरेट संचार करियर बनाने के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए विद्यार्थियों को संचार कौशल, आईसीटी कौशल तथा इंटर पर्सनल स्किल्स विकसित करनी होगी। ये परामर्श चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविंद्र ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिया। आमंत्रित वक्ता एमडीयू एलुमनस डॉ. रविंद्र ने विद्यार्थियों को प्रभावी कम्युनिकेटर बनने के लिए खुद को तैयार करने को कहा। आज सोशल मीडिया तथा डिजिटल जनसंपर्क के लिए प्रभावी संचारकर्ताओं की जरूरत है। राजनीतिक जनसंपर्क में करियर संभावनाओं का विशेष उल्लेख डा. रविंद्र ने किया।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- B.A.M.S. DOCTOR 4
- R.M.O. 6
- COMPUTER OPERATOR 4
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- NURSING STAFF 10
- WARD BOY 2

नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- भूमि विकास बैंक रोहतक के पूर्व चेयरमैन यशपाल हुड्डा दोपहर 3 बजे, होटल कृष्णा रेसिडेंसी महावीर पार्क के सामने पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करेंगे।
- जन स्वास्थ्य विभाग लगाएगा लोगों की समस्याएं सुनने के लिए कैंप।

## खबर संक्षेप

### बिजली पेंशनर्स की मीटिंग कल 10 बजे

**रोहतक।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक 10 मई को सीनियर सिटिजन क्लब, मानसरोवर पार्क रोहतक में सुबह 10 बजे होगी। यूनिट सचिव सुरेन्द्र चावला ने बताया जिसमें कार्यकारिणी की नवीनतम गतिविधियों के बारे में व लोकल लेवल के मामले में विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा।

### फरमाणा खास में खेत से खराब ट्रैक्टर चोरी

**महम।** फरमाणा खास गांव में एक किसान का ट्रैक्टर चोरी हो गया। महम थाना में दी शिकायत में फरमाणा खास के खुशीराम ने बताया कि उसके पास स्वराज ट्रैक्टर था। वह रात को 12 बजे खेत में तूड़ी बना रहा था। ट्रैक्टर में खराबी आने के ट्रैक्टर बंद हो गया। वह ट्रैक्टर को खेत में छोड़कर घर आकर सो गया। सुबह 8 बजे जब वह खेत में पहुंचा तो उसे वहां पर उसका स्वराज ट्रैक्टर नहीं मिला। पुलिस ने किसान की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में वर्ल्ड यूथ रेडक्रॉस डे मनाया गया। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। रेड क्रॉस यूनिट समन्वयक डॉ. विनीत बाला ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई। स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. फूल सिंह यादव, डॉ. सुनयना, डॉ. उन्मेष मिश्र आदि मौजूद रहे।

# कैंप लगाने से कैसे होगा समाधान कॉलोनियों में नहीं पहुंच रहा पानी

## पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नहीं आ रही सप्लाई, हेडपंप का पानी पी रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





जेई ने मौके पर जाकर सुनीं समस्याएं

जन स्वास्थ्य विभाग ने लोगों की पेयजल सम्बंधित समस्या को निपटाने के लिए कैंप लगाने शुरू किए हैं। अभी तक चार कैंप लगाए गए हैं लेकिन पिछले एक सप्ताह से शहर की अधिकतर कॉलोनियों में पीने का पानी ही नहीं आ रहा। ऐसे में दूषित पेयजल आने का सवाल ही नहीं उठता। कई कॉलोनियों के लोग हैंडपंप से पानी भरकर ला रहे हैं तो कहीं पानी के कैंपर खरीद कर दैनिक कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले सप्ताह में हालात और खराब हो सकते हैं। विभाग के कैंप में आए दिन गिनी चुनी समस्याएं ही पहुंच रही हैं। बुधवार को झज्जर रोड पर लगाए गए कैंप में भी ज्यादा शिकायतें नहीं पहुंची।

**हैंडपंप का पानी पी रहे ओल्ड हाउसिंग बोर्ड निवासी:** वार्ड 19 में स्थित ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोग काफी दिन से परेशान हैं। ज्यादातर घरों में पानी ही नहीं पहुंच पा रहा। जिसकी वजह से लोगों को हैंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ता है। एक ही नल होने की वजह से यहां भीड़ लग जाती है। ऐसे में लोगों में काफी रोष व्याप्त है। कॉलोनी निवासी जसबीर कुमार ने बताया कि अगर अभी पीने के पानी के लिए लोगों का यह हाल है तो आगे जून जुलाई की गर्मियों में क्या हाल होगा। लोगों को पीने के पानी के लिए घर से लगभग दो से ढाई किलोमीटर दूर कन्हेली मोड़ पर जाना पड़ता है। उन्होंने बताया यहां एक ही नल होने की वजह से भारी भीड़ लग जाती है। पानी नहीं मिलने की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को कहना है कि पानी पर्याप्त नहीं मिल रहा।

### जेई ने सुनी समस्याएं

इस दौरान कॉलोनी के लोगों की समस्या सुनने के लिए जेई मयंक भारद्वाज मौके पर पहुंचे। जहां लोगों ने बताया कि कुछ मकानों में पांच दस मिनट के लिए पानी आ रहा है। जो पीने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा अधिकतर मकानों में पानी ही नहीं आ रहा। जेई ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान जल्द करवाया जाएगा। इस मौके पर आकाशदीप, सुरेंद्र, नरेश, जवाहर लाल, सुभाष, रामवीर, संजीव, मुन्नीलाल, दिलीप शर्मा, ममता, प्रीति, मीनू, संध्या, वीणा लक्ष्मी, मौजूद रहे।

### यहां नहीं पहुंच रहा पानी

शहर के लाढ़ौत रोड, शास्त्री नगर, बंसत विहार, छोटूराम नगर, सुखपुरा, उत्तम विहार, हनुमान कालोनी, गोहाना अड्डा, अशोक नगर, प्रेम नगर, सरकूलर रोड, हाउसिंग बोर्ड, कन्हेली रोड, सेक्टर एक दो में भी पानी की भारी किल्लत बनी हुई है और लोगों को टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। नहरों में पानी आने के बाद ही समस्या का समाधान हो पाएगा।

### आज यहां लगेगा कैंप

बृहस्पतिवार को झज्जर रोड स्थित जलघर में कैंप लगाया जाएगा, जहां जेई अपनी टीम के साथ सुबह नौ बजे से एक बजे तक समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करवाएं जाएंगे। हाल ही में पेयजल सम्बधित शिकायतें बढ़ने के बाद जिला उपायुक्त अजय कुमार ने विभाग की मीटिंग ली थी और अधिकारियों को कैंप के माध्यम से लोगों के बीच जाने के निर्देश दिए गए थे।

### भेज जा रहे हैं टैंक

अधिकतर कॉलोनियों में एक समय पानी की सप्लाई दी जा रही है। जहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां टैंकर भेजे जा रहे हैं। अभी जलघरों में कुछ पानी बचा हुआ है। बाकि नहर में पानी आने के बाद ही हालात सामान्य हो पाएंगे। तब तक के लिए लोगों को संयम रखना होगा।

-राजेश रोहिल्ला, एसडीओ



# इंडस स्कूल में टैगोर जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- प्रार्थना सभा का संचालन आठवीं के छात्रों ने किया

इंडस पब्लिक स्कूल में बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन कक्षा आठवीं के छात्रों द्वारा किया गया। सभा के प्रारंभ में गायत्री मंत्र, प्रार्थना, आज का शब्द, विचार व भाषण व नाटक की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने अपने राष्ट्र व मातृभूमि की रक्षा की शपथ ली।

### महान दार्शनिक थे टैगोर

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर एक विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता हैं। उनके द्वारा रचित राष्ट्रगान हमारे राष्ट्र की आन-बान और शान है। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर कहा करते थे कि यदि आपके पास आशा है तो आपके पास किसी भी स्थिति में जीतने का मौका है। विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने शिक्षण विधि को सर्वोत्तम विधि बताते हुए लिखा है भ्रमण के समय शिक्षण सर्वोत्तम विधि है।

# शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान



**रोहतक।** देशभक्ति स्मारक स्थल नजदीक आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर में 42 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर की अध्यक्षता एलपीएस बोसार्ड के चेयरमैन राजेश जैन ने की। काका निझावन ने सभी युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदाताओं को संत बाबा सुखा शाह महाराज ने उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुज चावला, बलदेव मिढ़ा, अशोक कत्याल, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. महाश्वेता रही।

वाईआरसी अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा रेड क्रॉस प्रार्थना एवं शपथ से किया गया। डॉ. महाश्वेता ने रेड क्रॉस के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि रेड क्रॉस विश्व की सबसे बड़ी संस्था है जो विभिन्न क्षेत्रों में मानवता की भलाई के काम करती है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय भी रेड क्रॉस के बैनर तले निरंतर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है, जिसमें अंगदान, रक्तदान एवं अन्य विषयों के प्रति जागरूकता फैलाई जाती है। बीएड के विद्यार्थियों ने कविता पाठ, गीतों एवं नारों द्वारा मानवता सेवा भाव के प्रति अपने उद्गार प्रस्तुत किए।

# जनता का विश्वास पहले ही खो चुकी प्रदेश की भाजपा सरकार, अब अपने समर्थक विधायकों का भी खोया प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू हो: दीपेन्द्र हुड्डा



**रोहतक।** राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस प्रत्याशी दीपेन्द्र हुड्डा ने बुधवार को कोसली हलके के गांव बालधन खुर्द, बालधन कलां खुशपुरा, टूमना, जाहिदपुर, भुरथला, श्यामनगर, नठेडा, शहादतनगर, सुरेहली, नेहरुगढ़ (गामडी), झाड़ोदा, श्रीकृष्ण नगर (लुला अहीर), दडोली, फतेपुरी, मोतला कलां, कहाडी, रामपुरी, दिढोली, मसीत, औलत, बुडौली, मुंदी, बास, बटोड़ी इत्यदि गांवो का चुनावी दौरा किया। दीपेंद्र ने लोगों को संबोधित कर अपने काम का रिपोर्ट कार्ड दिया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग सरकार से नाराज है। इलाके में काम कराना तो दूर की बात वोट लेने के बाद मौजूदा बीजेपी सांसद 5 साल में धन्यवादी दौरा करने तक नहीं आए। दीपेन्द्र हुड्डा ने कांग्रेस घोषणा पत्र की न्याय गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की बड़ी महिला को साल में 1 लाख रुपये देंगे। उन्होंने क्षेत में कराए गए अपने विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में उन्होंने बावल में एग्रीकल्चर कॉलेज, जैनाबाद में राव बिरेन्द्र सिंह राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, 5 नई सरकारी आईटीआई सारनवास, बेरसी कलां, कोसली, टंकारी, खरकड़ में बनी, 2 नए सरकारी पॉलिटेक्निक, 5 नए राजकीय महाविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करवाया। गोठरा टप्पाखोरी में हरियाणा का पहला सैनिक स्कूल और भाकली में केंद्रीय विद्यालय स्थापित किया।

# उम्मीदवार आज तीन बजे तक वापिस ले सकेंगे नामांकन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



- रोहतक लोकसभा के लिए 27 उम्मीदवारों के 32 नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए

रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम चुनाव 2024 के छठे चरण के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवार 9 मई को दोपहर बाद 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकते हैं। रोहतक लोकसभा के लिए 27 उम्मीदवारों के 32 नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए गए है।अजय कुमार ने कहा है कि जिला में लोकसभा आम चुनाव की सभी तैयारियां जारी है। जिला की चारों विधानसभाओं के लिए गठित 1059 मतदान पार्टियों के पीठासीन अधिकारियों व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को 3 तीन का ईवीएम हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स अधिकारियों द्वारा इन्हें फार्म 17-सी, पीठासीन अधिकारी डायरी, पीठासीन अधिकारी घोषणा तथा पीठासीन अधिकारी रिपोर्ट, चुनाव प्रक्रिया के तहत राजनीतिक एजेंट, मॉक पोल व वास्तविक पोल के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षकों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की हैंड ऑन ट्रेनिंग दी गई।

## पुलिस कर्मियों की गाड़ी वाहन से टकराई

**महम।** खरकड़ा में एक वाहन ने दूसरे वाहन में टक्कर मार दी। इस संबंध में पीड़ित ने इसकी शिकायत महम थाने में दी है। पुलिस को दी शिकायत में खरकड़ा गांव निवासी नरेश ने बताया कि सुबह करीब दस बजे वह और उसका भाई सुरेश गाड़ी लेकर खरकड़ा से महम की ओ जा रहे थे। जब वे खरकड़ा से महम बाइपास पर पहुंचे तो रोहतक की ओर से दो गाड़ियां तेज गति से आ रही थी। उन्होंने उनको देकर गाड़ी कट के बीच में ही रोक ली। इस दौरान उनकी गाड़ी अचानक बंद हो गई। स्टार्ट करने लगे तो गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई। वह गाड़ी का बोनट खोलकर देखने लगा। जबकि उसका भाई सुरेश गाड़ी में बैठा था। इसी दौरान महम की ओर से एक गाड़ी आई, जिसमें चार पुलिसकर्मी बैठे हुए थे। चालक गलत तरीके से गाड़ी को चला रहा था। जिस वजह से उन्होंने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता नरेश का कहना है कि उसके भाई सुरेश को काफी चोटें आई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# एसडी स्कूल की टीम ने डांस में पाया तीसरा स्थान



**रोहतक।** पठानिया वर्ल्ड कैंपस सनसिटी के प्रांगण में आयोजित चौथी जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें एसडी पब्लिक स्कूल रोहतक के ग्रुप डांस की 10 लड़कियों ने उसमें हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर की प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल करके अपने स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रबंधक राजेश आर्य ने सभी आए हुए प्रतिभागियों का फूल माला पहनकर व लड्डू खिलाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल पर आचार्य मीनाक्षी भाटिया ने बताया कि बताया कि ग्रुप डांस में हमारी 10 लड़कियों ने इस डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें भूमिका ,निशा, हिमांशी, वंशिका ,अनु ,वंशिका, असमी,मुस्कान,पूर्णिमा, लावण्या आदि लड़कियों ने राज्य स्तर की प्रतियोगिता में अपना चयन करवाया। इनकी डांस टीचर रीना सैनी की देखरेख में विजय हासिल की। इस मौके पर मीनाक्षी भाटिया, सुगंधा भाटिया, मंजू, चंपी,

# शैक्षणिक प्रौद्योगिकी टूल्स अपनाएं शिक्षक : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** विश्वविद्यालय में शिक्षकों से संवाद करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह

विश्वविद्यालय के शिक्षक उच्चतर शिक्षा के नए आयामों, नए शैक्षणिक रुझानों के साथ कदमताल कर गुणवत्तापरक शैक्षणिक माहौल बनाने में योगदान दें। शैक्षणिक प्रौद्योगिकी के टूल्स को अपनाने का कार्य भी शिक्षकगण करें। बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने ये परामर्श विश्वविद्यालय शिक्षकों को आपसी संवाद के दौरान दिया। कुलपति ने मंगलवार को राजनीति विज्ञान तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं एप्लीकेशन्ज विभाग का दौरा किया तथा शिक्षकों से संवाद किया।

प्रो. राजबीर सिंह ने कंप्यूटर साइंस विभाग के शिक्षकों से डेटा साइंस, बिग डेटा, आर्टीफिसियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग सरीखे क्षेत्र में शोध करने तथा शोध करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक अपने शोधार्थी का निरंतर मार्गदर्शन करें उनके शोध कार्य बारे इनपुट दें। कुलपति ने विभागाध्यक्षों को विभागीय विकास के लिए भविष्योन्मुखी योजना बनाने के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से रोजगारपरक पाठ्यक्रम सृजित करने का सुझाव कुलपति ने दिया। कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्स विभाग की अध्यक्षा डा. प्रीति रानी तथा राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेन्द्र शर्मा ने विभागी परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया। कुलपति सचिवालय के विशेष कार्य अधिकारी डा. राजीव शर्मा तथा पीआरओ पंकज नैन कुलपति विजिट में साथ रहे।

## भक्तों ने मन्नतें मांगी

# संकट मोचन मंदिर में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए साध्वी मानेश्वरी देवी व भक्तजन। फोटो: हरिभूमि

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री के सानिध्य में बुधवार को श्रद्धा, भक्तिभाव और मंत्रोच्चरण से हवन का आयोजन किया गया। साध्वी मानेश्वरी देवी सहित भक्तों ने हवन में आहूति डालकर मनोकामनाएं मांगी। साध्वी मानेश्वरी देवी ने भक्तों को बताया कि इस बार वैशाख अमावस्या का सनातन धर्म में विशेष महत्व हैं, क्योंकि इसी महीने में त्रेता युग की शुरुआत हुई थी। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु और पितरों की पूजा और गंगा स्नान-दान करने से साधक को जीवन में मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और पितृ प्रसन्न होते हैं।

मानेश्वरी देवी ने बताया कि हवन में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों का विशेष महत्व है, क्योंकि जब उनकी आहुति दी जाती है तो वे सूक्ष्म से सूक्ष्म विषाणुओं का नाश करती हैं और सूक्ष्म रूप में हवा से पर्यावरण शुद्ध करती हैं। हवन यज्ञ करके मनुष्य स्वस्थ और निरोगी जीवन व्यतीत करता है और धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलता है। साध्वी ने स्वाहा शब्द का मतलब बताते हुए कहा कि वास्तव में स्वाहा अग्नि देव की पत्नी हैं। इसलिए हवन में हर मंत्र के बाद उनके नाम (स्वाहा) का उच्चारण करने से अग्नि देव प्रसन्न होते हैं और इससे आहुति को पूर्ण माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, स्वाहा दक्ष प्रजापति की पुत्री थी। इनका विवाह अग्निदेव के साथ किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा में श्रीलंका से सोना जीता कर लाया खरैंटी का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पिछले दिनों श्रीलंका में एसबीकेएफ की 19वीं अंतर राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें खरैंटी के गौरव गिल ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। 92 किलोग्राम में इन्होंने आखिर फाइट में श्रीलंका के मुक्केबाज को 5-3 के मुकाबले से हराया। जब ये अंतिम मुकाबला खेल रहे थे तो मुकाबला काफी रोचक हो गया था। इन्होंने एक बार अपने विरोधी खिलाड़ी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। इसी वजह से ही इन्हें गोल्ड मेडल हासिल हुआ। गौरव कई साल से खेल में अपना दमखम दिखा रहे हैं।

गौरव कई बार राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीत चुके हैं। इनका कहना है कि दुनिया में मुक्केबाजी का भविष्य काफी उज्जवल है। इनके पिता हरपाल सिंह बताते हैं कि गौरव खेलकर को लेकर काफी संजीदगी दिखाते हैं। हर रोज अभ्यास करना इनकी आदतों में शुमार है। हरियाणा ट्रांसपोर्ट विभाग में कार्यरत है हरपाल का कहना है कि मुझे पूरी उम्मीद है कि बेटा एक दिन ओलम्पिक और एशिया प्रतियोगिता में भी देश का नाम रोशन करेगा। गौरव ने वर्ष 2022 में भोपाल में हुई स्पर्धा में इन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया था। साल 2021 में टोहाना में हुए मुकाबलों में सिल्वर पदक जीता था। गौरव ने गत वर्ष बाहरवीं कक्षा उत्तीर्ण की है। ये इस समय फतेहाबाद में रहते हैं।